कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/2023/2514 रायपुर, दिनांक 02/07/23

प्रेस विज्ञप्ति

शिक्षक (ई. एवं टी. संवर्ग), सहायक शिक्षक (ई. एवं टी. संवर्ग), व्याख्याता (वाणिज्य), व्याख्याता (गणित) एवं व्याख्याता (भौतिकी) भर्ती परीक्षा के 2023 के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/स्था.02/विज्ञापन/ सीधी–भर्ती/2023/154/नवा रायपुर, दिनांक 04.05.2023 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर शिक्षक (ई. एवं टी. संवर्ग), सहायक शिक्षक (ई. एवं टी. संवर्ग) एवं व्याख्याता (वाणिज्य, गणित, भौतिकी) भर्ती परीक्षा 2023 (SEAT23) का आयोजन दिनांक 10, 11 एवं 12 जून 2023 को किया गया था।

व्याख्याता (वाणिज्य, गणित, भौतिकी), शिक्षक एवं सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षाओं के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये थे एवं दावा/आपत्ति आमंत्रित की गई थी। तिथियों का वर्णन निम्नानुसार है –

परीक्षा का नाम	मॉडल ऑसर जारी करने की तिथि	दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि
व्याख्याता (वाणिज्य, गणित, भौतिकी), (ई. एवं टी. संवर्ग)	15.06.2023	18.06.2023
शिक्षक (ई. एवं टी. संवर्ग)	20.06.2023	23.06.2023
सहायक शिक्षक (ई. एवं टी. संवर्ग)	23.06.2023	26.06.2023

संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय का पत्र क्रमांक/शि.सी.भ./अतिथि शिक्षक /2023 /250/नवा रायपुर, दिनांक 30.06.2023 के अनुसार अतिथि शिक्षकों हेतु बोनस अंक विभाग द्वारा प्रदान किये गये हैं । व्यापम द्वारा ली गई लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों में अतिथि शिक्षकों के बोनस अंक जोड़ कर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है । परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम दिनांक 02.07.2023 को घोषित कर दिया गया है।

परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में प्रदर्शित अभ्यर्थियों का विवरण दिनांक 01.07.2023, प्रातः 9:30 बजे तक व्यापम प्रोफाइल में उपलब्ध जानकारी अनुसार है ।

अभ्यर्थी संपूर्ण परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **https://vyapam.cgstate.gov.in** पर देख सकते है और अपना परिणाम अपनी प्रोफाईल में लॉगिन कर देख सकते हैं।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर